RNI NO Title Code-UPHIN49594

हिन्दी दैनिक

# नवयुग समाचार

वर्ष-3 अंक-175
बहराइच,मंगलवार
2 जुलाई 2024
पृष्ठ-4 मूल्य 2.00

बहराइच से प्रकाशित

एक सामाजिक दर्पण

लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, म.प्र., बिहार में प्रसारित

## उप चुनाव की कमान संभालेंगी योगी सरकार के मंत्री

### उपचुनाव की तैयारियों पर कल होगी बैठक

लखनऊ। भाजपा ने विधानसभा की दस सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए योगी सरकार के डेढ़ दर्जन से अधिक मंत्रियों को कमान सौंपी है। पार्टी ने विधानसभा क्षेत्रों में जातीय समीकरण के लिहाज से मंत्री तैनात किए हैं। योगी सरकार में शामिल सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी चुनाव में जिम्मेदारी दी है। लोकसभा चुनाव के बाद खाली हुई कटेहरी, सीसामऊ, मिल्कीपुर, करहल, फूलपुर, मझ-वां, गाजियबाद और मीरापुर सीट पर उप चुनाव होना है। लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा और योगी सरकार ने डैमेज कंट्रोल के लिए सभी दस सीटों पर चुनाव जीतने की रणनीति बनाई है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सरकार के दिग्गज मंत्रियों को तैनात किया है। अंबेडकर नगर की कुर्मी बाहुल सीट कटे-हरी में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल को प्रभारी लगाया है। आशीष पटेल भाजपा के सहयोगी अपना दल एस से हैं। कानपुर की सीसामऊ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना अयोध्या की मिल्कीपुर में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह को लगाया है। मैनपुरी की करहल में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, प्रयागराज की फूलपुर में एमएसएमई मंत्री राक-श सचान और दयाशंकर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है। मिजार्पुर की मझवां में श्रम कल्याण मंत्री अनिल राजभर और संजय निषाद को तैनात किया है। संजय



निषाद, निषाद पार्टी के अध्यक्ष हैं। गाजियाबाद में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुजफ्फरनगर की मीरापुर में अनिल कुमार और राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। संभल की कुंदरकी पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और अलीगढ़ की खैर में गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण को कमान सौंपी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप चुनाव के लिए तैनात प्रभारी मंत्रियों के साथ रविवार रात को बैठक की। सीएम ने सभी दस सीटों पर चुनाव जीतने पर मंथन किया। मंत्रियों को विधानसभा क्षेत्रों का लगातार दौरा कर वहां की समस्याओं का समाधान कराने और जनता से जुड़े मुद्दे पता लगाकर उनका हल कराने का मंत्र दिया। विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर मंगलवार दोपहर एक बजे बैठक होगी। बैठक में सभी उप चुनाव के लिए नियुक्त प्रभारी मंत्रियों के साथ पार्टी के प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह उन्हें चुनाव तैयारी का रोडमैप देंगे।

## यूपी के 55 शहरों में हुयी झमाझम बरसात



उत्तर प्रदेश। मानसून पूरे प्रदेश में छाया है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल के रास्ते आया दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 4 दिन यानी 96 घंटे में पूरे प्रदेश को कवर कर लिया। सोमवार को प्रदेश के 55 शहरों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा 57.7 मिमी बरसात श्रावस्ती में रिकॉर्ड की गई। वाराणसी में शाम में मौसम बदला और बारिश हुई। कानपुर में बारिश इतनी तेज थी कि सड़कों पर पानी भर गया। कांशीराम अस्पताल में 1 फीट जलभराव हो गया। जलभराव के बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का काफिला गुजरा। इटावा के अंडरपास में 3 फीट पानी भरा दिखा। रविवार को 57 जिलों में 63.3 मिलीमीटर बारिश हुई। वेस्ट यूपी में 75 मिलीमीटर तो ईस्ट में 55 मिमी बरसात हुई। हालांकि, यह औसत बारिश के मुकाबले 34% कम है। मौसम विभाग का कहना है- आज यूपी के सभी 75 जिलों पर मानसून का प्रभाव रहेगा। 68 जिलों में तेज हवा के साथ बिजली गिर सकती है। इसमें से 46 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं भी चलेंगी। आने वाले 7 दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। पश्चिमी और पूर्वी यूपी में जोरदार बारिश हो सकती है। उमस भी रहेगी। रात का पारा 3-4 डिग्री तक नीचे गिर सकता है।

## मेरठ से लापता रिटायर्ड जज की लाश हापुड़ में मिली

मेरठ। मेरठ के रिटायर्ड जज रवि मल्होत्रा की लाश हापुड़ में मिली है। वह 4 दिन से लापता थे। उनकी बॉडी घर से 35 किमी दूर हापुड़ की देहरा झील में मिली। लोगों ने झील में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। चेहरा रिटायर्ड जज से मेल खा रहा था। पुलिस ने जज के बेटे को बुलाया, उन्होंने अपने पिता के रूप में शिनाख्त की। लाश पर चोट के निशान हैं। परि-वार वालों ने हत्या करने का अंदेशा जताया है। पूर्व जज के दोस्त सीनियर एडवोकेट ओपी शर्मा ने बताया- शव हापुड़ से मेरठ लाया जा रहा है। शव इतनी खराब हालत में है कि उसको घर नहीं लाया जाएगा। सीधे मेरठ के सूरजकुंड श्मशान घाट पर रात में ही रवि मल्होत्रा का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मेरठ की जुवेनाइल कोर्ट से रिटायर हुए रवि मल्होत्रा थाना रेलवे रोड की मधुबन कॉलोनी के रहने वाले थे। घरवालों ने बताया- 27 जून को वह घर से निकले थे। कहा था- दवा लेकर आता हूं। फिर रात तक नहीं लौटे। हम लोगों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर पुलिस को सूचना दी। रिटायर्ड जज की आई-20 कार 28 जून को मेरठ में गंगनहर के किनारे मिली थी। कार में उनका मोबाइल फोन, पर्स और कार की चाबी मिली थी। नहर के पास लगे CCTV में रवि मल्होत्रा को आ-खरी बार देखा गया था। गंगनहर पर ही रवि मल्होत्रा की लास्ट लोकेशन मिली थी। इसके बाद वो कहीं नहीं देखे गए। पुलिस और घरवाले अंदाजा लगा रहे थे कि शायद उन्होंने नहर में छलांग लगा दी है। इसके बाद लगातार नहर में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। लगातार गोताखोर लाश की तलाश कर रहे थे, लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। आज यानी सोमवार को हापुड़ की देहरा झील के पास से निकलते समय कुछ लोगों ने एक बॉडी को पानी में उतराते देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बॉडी को बाहर निकलवाया।

## राहुल गांधी की टिप्पणी पर बोले मुख्यमंत्री एक्सीडेंटल हिंदू कहने वाली जमात के शहजादे कब समझेंगे, माफी मांगें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिए गए बयान की निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा- राहुल गांधी अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहुलुहान करने का काम किए हैं। इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए। हिंदू सहिष्णुता, उदारता और कृतज्ञता का पर्याय है। लेकिन यह बात स्वयं को एक्सीडेंटल हिंदू कहने वाली जमात के शहजादे को कैसे समझ में आएगी। उन्होंने कांग्रेस को मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी हुई बताया। मुख्यमंत्री ने कहा- हम लोग ये मानते थे कि हो सकता है नेता प्रतिपक्ष बनने



के बाद राहुल गांधी परिपक्व हो जाएंगे, लेकिन उनका बयान अभी भी बचकाने वाला है। हिन्दू भारत का मूल समाज है। वह भारत की आत्मा है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। हिन्दू की कोई जाति सूचक या सम्प्रदाय सूचक शब्द नहीं है। मत और पंथ से अलग भारत की मूल आत्मा है। राहुल गांधी ने हिन्दुओं पर जो टिप्पणियां की है वह भारत की मूल आत्मा को लहुलुहान करने जैसा है। राहुल गांधी को लेकर जिन लोगों ने कुछ भ्रम पाला था, उनका भ्रम टूट गया। कांग्रेस को भी जनता से माफी मांगने के लिए कहना चाहिए।

## मुख्य सचिव ने की IGRS की समीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज इन्टीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम की गहन समीक्षा की । इस दौरान मुख्यमंत्री के विशेष सचिव प्रथमेश कुमार के साथ ही अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये.. समीक्षा के बाद मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आम जन की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित, आसान और पारदर्शी निस्तारण के लिये IGRS बहुत अच्छा सिस्टम है। आमजन से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण कराया जाये। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और शिकायतकर्ता की संतुष्टि का विशेष ध्यान रखा जाये।




असंतुष्ट फीडबैक एवं स्पेशल क्लोज होने वाली शिकायतों का रेण्डम गुणवत्ता परीक्षण किया जाये। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उनके कार्यालय द्वारा प्रतिदिन 5 शिकायतों का रेण्डम आधार पर परीक्षण किया जायेगा और जरूरत के अनुसार मौके पर सक्षम अधिकारी को भेजकर सत्यापन कराया जायेगा। फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत क्लोज करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जायेगा।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ



कानपुर। उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार बृजेश पाठक द्वारा आज काशीराम संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रामा सेन्टर, रामादेवी कानपुर में संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनके त्वरित एवं सही उपचार दिए जाने की कार्यवाही हेतु विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा स्टाफ डायरिया अभियान कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मा0 उपमुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज उ0प्र0 के लिए महत्वपूर्ण दिन है आज से उ0प्र0 में विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान का शुभारम्भ हो रहा है, यह अभियान वर्ष में 03 बार चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि उ0प्र0 में 2017 में जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से मच्छर जनित व वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाता है, जिसमें 13 विभागों के समन्वय से साफ-सफाई के साथ घर-घर दस्तक देकर लोगों से वार्ता कर उनको जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उ0प्र0 को निरोगी बनाने का जो संकल्प है, उसमें आप लोगों का भी सहयोग आपेक्षित है क्योंकि जनसहभागिता के बिना कोई कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता है। इस अवसर पर मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई कि हम शपथ लेते हैं कि हम व्यक्तिगत स-फ-सफाई का ध्यान रखेंगे। अपने घर तथा मोहल्ले के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे। अपने समुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे और आसपास जलजमाव ना होने देने के लिए भी प्रेरित करेंगे। हम शपथ लेते हैं कि, संचारी रोगों से लड़ाई में हम प्रयास करेंगे कि हमारे परिवार और समुदाय इन रोगों से मुक्त रहे। हमारे मोहल्ले अथवा हमारे आसपास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे देश को स्वच्छ बनाने में तथा संचारी रोगों से दूर रखने में मदद करेगा। हमें अपने परिवार और अपने देश के लिए स्वस्थ रहना है। हे ईश्वर मेरी मदद करना।






## ओवरलोड ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की घटना स्थल पर मौत



सुनील कुमार मिश्रा
नवयुग समाचार
उत्तरीपुरा/ बिल्हौर
उत्तरीपुरा कस्बा के पप्पू कुरैशी की दुकान के सामने ओवरलोड ट्रैक्टर चालक ने मारी बाइक में टक्कर बाइक चालक की घटना स्थल पर मौत घटनास्थल पर पहुंची पुलिस पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम के लिए मरने वाला युवक लाखन पुत्र विष्णु अर्जुनपुर गांव का रहने वाला मौत की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसीपी बिल्हौर ट्रैक्टर चालक चलती ही गाड़ी में ट्रैक्टर छोड़कर भागा जिससे ट्रैक्टर हुआ अनियंत्रित और सागर डीजे की दुकान में जाकर घुसा कई लोग वहां पर भी बाल बाल बचे बड़ी दुर्घटना से मौके पर ग्रामीणों ने बताया मृतक के तीन बच्चे और पत्नी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल पुलिस ने बताया पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता दिलवाई जाएगी

# अधिवक्ता के भाई की धारदार हथियार से हुई निर्मम हत्या

सुनील कुमार मिश्रा
नवयुग समाचार
बिल्हौरः बिल्हौर थाना क्षेत्र के घिमऊ गांव में घर के बाहर बरामदे में सो रहे युवक की अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। युवक के चीखने पर परिजनों की खुली नींद बाहर आकर देखा तो खून से लटपथ पड़ा था युवक। हत्यारे घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। परिजनों द्वारा दी गई सूचना 112 नंबर पुलिस को।

देर रात ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस। 112 पुलिस द्वारा दी गई संबंधित थाने को सूचना। थाने पर सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे थानाप्रभारी बिल्हौर और उनके साथ कई थानों का फोर्स। थाना प्रभारी द्वारा घटनास्थल पर से दी गई उच्च अधिकारियों को सूचना। सूचना के बाद घटनास्थल पर डीसीपी विजय ढुल एवं एसीपी



बिल्हौर अजय त्रिवेदी ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू की। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम द्वारा की गई जांच। मृतक के भाई अधिवक्ता गणेश तिवारी द्वारा बताया गया कि मेरा भाई रामजी तिवारी बुक सेलिंग का काम करता था। मृतक अविवाहित था। मृतक के भाई अधिवक्ता गणेश तिवारी ने कई अहम बातें बताई। अधिवक्ता द्वारा बताया गया कई वर्ष पूर्व गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मेरे भाई को बुरी तरह मारा पीटा गया था जिसमें उन लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत हुआ था। ग्रामीणों और अधिवक्ता भाई के अनुसार मृतक का गांव के ही एक युवती से कई सालों से चल रहा था प्रेम प्रसंग जिसको लेकर युवती के परिजनों द्वारा मृतक के साथ मारपीट भी की गई थी। प्रेम प्रसंग के अलावा पानी और नाली का विवाद भी चल रहा था पड़ोसियों के साथ जिसकी भी पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही है। इसके अलावा बुक सेलर होने के नाते उसमें भी हो सकता है कंपटीशन। उसका भी आधार मानकर पुलिस उस पर भी कर रही है जांच। हत्या के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त और दहशत का माहौल। मृतक के घर पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे थे लेकिन चार दिन पहले ही बंद हो गए थे। एसीपी बिल्हौर द्वारा बताया गया कि कई बिंदुओं पर की जा रही है जांच। हत्या के मामले में बहुत जल्द दोषियों की होगी गिरफ्तारी और घटना का होगा खुलासा। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की मां और बहन कई बार हुई बेहोश।

घटनास्थल पर थाने से लेकर जिले स्तर तक के कई पुलिस अधिकारी पहुंचे। घटनास्थल पर डीसीपी विजय ढुल, एसीपी अजय त्रिवेदी, थाना प्रभारी बिल्हौर केशव तिवारी, थाना प्रभारी अरोल अखिलेश पाल, उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज सतीश यादव व फॉरेंसिक टीम के अलावा डाक स्क्वायड की भी टीम मौके पर पहुंची।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो डिवाइडर से टकराई आठ लोग घायल ड्राइवर की हालत गम्भीर



नवयुग समाचार संवाददाता
चौबेपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार हाईवे मोड़ पर अपना संतुलन खो बैठी और वहा लगे डिवाइडर को क्षतिग्रत करती हुए बिलजी के पोल से टकरा गई जिससे गाड़ी में बैठे आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार को नोनहा नर-सिंह गांव के समीप कानपुर की ओर से आ रही कार यूपी 78 एच ए 9671 हाई वे पर लगे डि-वाइडर से टकराते हुए वही लगे लाइट के खंबे में घुस गई जब लोगो ने तेज आवाज सुनी तो वह बचाव हेतु गाड़ी के समीप दौड़ कर चले आए और लोगो को गाड़ी से बाहर निकालने लगे जिसके बीच किसी व्यक्ति ने फोन के माध्यम से इसकी सूचना चौबेपुर पुलिस को दी सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी रविन्द्र श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और सभी आठ लोगो आयशा पुत्री शानू उम्र 6 वर्ष,अब्दुल हबी पुत्र शाही आलम उम्र 10 वर्ष,अबीबा अली पत्नी नाजिस अली उम्र 38 वर्ष, शाहिद अली पुत्र आबिद उम्र 73 वर्ष,जावेद अली पुत्र शहीद आलम उम्र 70 वर्ष,नसीम बानो पत्नी शाहिद अली,शबाना अंजुम पत्नी स्व.साहिर अली उम्र 50 वर्ष निवासी काका देव कानपुर व चालक नरेंद्र शुक्ला को निकाल कर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबेपुर भिजवाया जहा डॉक्टरों ने अधिक चोट होने के कारण सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से कानपुर के लिए रेफर कर दिया है वही प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि कार बहुत तेज रफ्तार थी जिसके कारण मोड पर चालक गाड़ी का संतुलन संभाल नही पाया और डिवाइडर तोड़ कर खंबे में जा घुसा था।

## लाखों की चोरी की घटना से दहला क्षेत्र, ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल



सुनील कुमार मिश्रा
नवयुग समाचार
ककवनः थाना क्षेत्र के नदिया खुर्द गांव में देर रात चोरों ने बोला धावा। लाखों रुपए की लूट की घटना को दिया अंजाम। पीड़ित जितेंद्र सिंह द्वारा दी गई ककवन थाने में तहरीर जितेंद्र सिंह ने बताया घटना की जानकारी सुबह हुई। जितेंद्र सिंह जब अपनी परचून की दुकान खोलने के लिए चाबी ढूंढ रहे थे तभी देखा कि घर के अंदर अलमारी का ताला टूटा पड़ा हुआ था। अलमारी से लगभग 3.50 लाख रुपए नगद और कीमती जेवर गायब थे। सोने की चेन अंगूठी झुमकी बाला पायल आदि जेवर भी ले गए चोर। पीड़ित द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी। एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी ने घटनास्थल पर पहुंचकर की जांच। चौकी इंचार्ज नदिया ने बताया की मौके पर डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम द्वारा की गई जांच। जल्द चोरी का होगा खुलासा। वहीं ग्रामीणों ने बताया अपना घर ताकने के लिए रात रात भर जागने को मजबूर है सभी ग्रामीण। लगभग एक सप्ताह पूर्व थानाध्यक्ष का हुआ था तबादला लेकिन आज तक पुलिस के उच्च अधिकारी ककवन थानाध्यक्ष की नहीं कर पाए नियुक्ति जिसके चलते अपराध और अपराधियों पर नहीं लग पा रहा अंकुश।

## सफीपुर कोतवाली में आयोजित हुई शांति बैठक, लागू नए कानून के बारे में पुलिस अधिकारियों ने दी जानकारी

राजेश अग्निहोत्री
नवयुग समाचार
उन्नावः 1 जुलाई 2024 को लागू हुए भारत के नए आपराधिक कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संदर्भ में जागरूकता हेतु थाना कोतवाली सदर पर सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव की अध्यक्षता में संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई तथा नए कानून के संबंध में एसपी ने उपस्थित लोगों को जानकारी देकर नए नियमों के बारे में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी को विस्तृत जानकारी दी। एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों को



दूर किया गया। इन कानूनों से संबन्धित पंपलेट भी सभी में वितरित कराए गए। गोष्ठी में सिटी मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, संयुक्त निदेशक अभियोजन एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी कड़ी में भारत के नए आपराधिक कानून से संदर्भित थाना पुरवा में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में संभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। तथा सभी को नए आपराधिक कानून की जानकारी दी गई। गोष्ठी में एसडीएम पुरवा एवं क्षेत्राधिकारी पुरवा उपस्थित रहे। वहीं आगामी मोहर्रम एवं श्रावण मास तथा जगन्नाथ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए सफीपुर थाना कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद की अध्यक्षता में पीस मीटिंग आयोजित की गई। शांति बैठक में आगामी पर्व व मोहर्रम के जुलूस को लेकर सम्मानित व्यक्तियों के साथ अधिकारियों द्वारा बातचीत की गई और सभी आयोजनों, जुलूसों को शकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी से सहयोग करने की अपील की। शांति बैठक में उप जिलाधिकारी नवीन चंद्र, क्षेत्राधिकारी सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला, कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह सहित अनेक संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## पहले दिन कानपुर में नए कानून के तहत 4 मुकदमें हुए दर्ज

कानपुर। देश में 1 जुलाई से नए कानून को लागू कर दिया गया है। नए काननू के तहत कानपुर में 1 जुलाई को 4 एफआईआर दर्ज की गई। नए कानून के तहत अपराध की बदली हुई धाराओं के तहत यह एफआईआर दर्ज की गई है। नए कानून में भारी बदलाव किया गया है। इसके चलते कानपुर पुलिस जनता को नए कानून लागू होने के साथ ही जनता को जागरूक करने का भी काम कर रही है। 1 जुलाई से नए कानूनों के तहत केस दर्ज होना शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में कानपुर कमिश्नरेट के कल्याणपुर थाने में पहला केस दर्ज किया गया। देश में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लागू किया गया। नई संहिताओं के अनुसार कल्याणपुर में पुराने कानून के मुताबिक 294, 509 के तहत दर्ज किया जाने वाला केस अब धारा 79, 296 के तहत दर्ज किया गया। वहीं, चौबेपुर में पूराने कानून के तहत 336 व 279 के अंतर्गत दर्ज किए जाने वाले केस नई धारा के अंतर्गत 125, 281 के तहत दर्ज किए गए। जाजमऊ थाने में मामूली मारपीट यानी 323 और 452 के अंतर्गत दर्ज किया जाने वाला केस नई धाराओं के मुताबिक 115(2) व 333 में दर्ज किया गया। इसी के साथ बिल्हौर के बुक स्टॉल संचालक युवक के मर्डर केस में पुराने कानून के तहत हत्या यानी 302 का केस अब 103(1) के अंतर्गत दर्ज किया गया।

# युवती की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

मोहम्मद इरफान खान
नवयुग समाचार
उन्नावः पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एवं क्षेत्राधिकारी सफीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना माखी पुलिस द्वारा युवती की हत्या करने वाले अभियुक्त को आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28.06.2024 को मोहिनी पुत्री सरदार यादव उम्र करीब 22 वर्ष निवासिनी ग्राम अमलोना थाना माखी जनपद उन्नाव का शव घर के परिसर में शौचालय के पीछे मिला था। जिसके संदर्भ में वादी श्री अजय कुमार पुत्र सरदार यादव निवासी ग्राम अमलोना थाना माखी जिला उन्नाव की दी गयी तहरीर के आधार पर थाना माखी पर मु0अ0सं0 190/2024 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।




मुकदमा उपरोक्त में वादी मुकदमा व परिजनों से पूछताछ से घटना कारित करने में वादी मुकदमा अजय के साले अभियुक्त सुनील पुत्र रामलखन नि० ग्राम बाबूखेडा मजरा घुरवाखेडा थाना अचलंगज उन्नाव उम्र करीब 27 वर्ष का नाम प्रकाश में आया। जिसके क्रम में अभियुक्त सुनील कुमार उपरोक्त की दि0 29.06.2024 को मुखबिर की सूचना पर लोहचा मोड़ तिराहे उन्नाव रायबरेली हाईवे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि मेरी बड़ी बहन की शादी अजय पुत्र सरदार यादव नि० ग्राम अमलेना थाना माखी उन्नाव के साथ हुई है मृतिका मोहिनी मेरी बडी बहन की छोटी ननद है। मोहिनी से मेरा प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतिका मोहिनी मुझ पर शादी करने का दबाव बना रही थी चूंकि मेरी शादी हो चुकी थी और मोहिनी मेरे पारिवारिक जीवन में दखल दे रही थी जिससे मैने अपना पीछा छुडाने के लिये मृतिका मोहिनी का गला रेतकर हत्या कर दी और आलाकत्ल चाकू को छिपाकर भाग गया। अभियुक्त सुनील की निशादेही पर आज दि0 30.06.2024 को आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया।

## अखिलेश यादव का मनाया जन्म दिन किया वृक्षारोपण

दिलीप सिंह नवयुग समाचार
अलीगंज। कस्वा अलीगंज में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन सोमवार को अलीगंज में धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम गणेशी लाल उत्सव विहार किला रोड अलीगंज में सम्पन्न हुआ। डॉक्टर नवल किशोर शाक्य की अध्यक्षता में केक काटा गया।और उनके दीघार्यु की मंगलकामना की।वही पौधारोपण भी किया। शाक्य ने कहा कि 7 तारीख तक चलने वाला पीडीए पखवाड़ा भी शुरू हुआ है जिसके तहत



पौधरोपण किया जाएगा। हम सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेताओं से कहना चाहता हूं कि पड़ा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे हैं अभियान में सभी लोग वृक्षारोपण करें इस मौके पर सुभाष शाक्य राजीव यादव पंकज गौरव यादव देवेश कश्यप चन्द्रपाल शाक्य विनोद फौजीपंकज यादव जसवीर यादव आदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और नौजवान साथी उपस्थित रहे।

## प्रशासन सम्मान के साथ निंदा का पात्र रघुवंश हिंदू मुख्यमंत्री से मिलकर कहेंगे पूरी बात

नवयुग समाचार संवाददाता
गोरखपुरः विश्व का सबसे लंबा तिरंगा समिति के द्वारा कई वर्ष पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का चश्मा पर अभियान चलाया गया। परंतु प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके बाद तिरंगा समिति ने ही चश्मा लगवा दिया। परंतु पुनः तीन माह पूर्व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा से चश्मा गायब और डंडा टूट कर लटका हुआ था। जिसके लिए कई सारे प्रयास किए गए उसके बावजूद भी जब प्रतिमा की रिपेयरिंग नहीं हो पाई तो मतदान दिवस के दिन तिरंगा समिति के केंद्रीय संयोजक के द्वारा मतदान बहिष्कार के साथ एक घंटे का तपती दोपहरी में अनशन किया गया और पुनः 26 जून को अनशन की घोषणा किया गया। शासन प्रशासन या किसी के भी द्वारा आनन फानन में 25 जून को नेताजी का चश्मा लगा दिया गया और डंडा दूसरा लगा दिया गया ।जिस-।की सूचना रघुवंश हिंदू को इंटेलिजेंस विभाग के द्वारा दिया




गया जिससे रघुवंश हिंदू ने अनशन स्थगित कर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित किया।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर नजदीक से देखने से पता चला कि चश्मा जैसे कि किसी दुकान से सामान्य रूप से चश्मा खरीद करके लगा दिया गया जिसे केवल संस्था के लोगों ने तार से बाधा अन्यथा हवा से भी उड़ जाता। जिसका प्रतिमा से किसी भी प्रकार का मेल नहीं खाता है ।साथ ही छड़ी बदल करके एक छोटी सी छड़ी हाथ में रस्सी से बांध दिया गया है न की लगाया गया है। जिससे समिति के लोगों ने माल्यार्पण करके उत्साह के साथ प्रशासन की निंदा किया ।जिस महापुरुष ने पूरी दुनिया में भारत का लोहा मनवाया। अंग्रेजों के दांत खट्टे किए ।उस महापुरुष के लिए अगर इस तरह का दुर्व्यवहार पूर्ण रवैया अपनाया जाएगा तो यह देश कहां जाएगा। केंद्रीय संयोजक रघुवंश हिंदू ने प्रशासन से मांग किया कि उसे जल्द से जल्द एक बैठक बुलाकर के लाखों रुपए मीटिंग में खर्च करके ?200 की छड़ी के लिए और चश्मा के लिए बजट पेश किया जाए। जिससे नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सही-सही सम्मान हो सके। अन्यथा हमें इसके लिए आगे की कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलने का समय लिया जाएगा और पूरी जानकारी दी जाएगी ।जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। समिति के लोगों ने तिरंगा अंग वस्त्र पहनाकर माल्यार्पण किया उस-।के बाद नमन जय घोष किया ।मान्यर्पण कार्यक्रम केंद्रीय संयोजक रघुवंश हिंदू, वैद्य सुरेंद्र हिंदू, अजय कर्मयोगी, डा शोभित श्रीवास्तव, चंद्रकिशोर शर्मा, आदित्य दुबे आदि मौजूद रहे।

# वन महोत्सव के अवसर पर अलीगंज में रोपित किए गए 350 पौधे

### बढ़ रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक लगाये पौधे पौधे लगाने की औपचारिकता नहीं बल्कि देखभाल भी करनी है- विधायक



दिलीप सिंह नवयुग समाचार
अलीगंज। वृक्षारोपण अभियान के तहत विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में कई प्रकार के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण के दौरान शपथ ली की पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करना हमारा कर्तव्य है।

इस अवसर पर फलदार, छायादार सहित अन्य प्रकार के पौधे रोपित किए गए। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के कायमगंज रोड मंडी समिति के समीप स्पोर्ट्स स्टेडियम पर वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण किया गया। जिसमें विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ द्वारा पीपल, बरगद तथा अन्य प्रकार के फलाहार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर करीब 350 पौधे रोपित किए गए। विधायक सत्यपाल राठौर ने कहा कि पेड़ हमारे जन-जीवन का प्रमुख साधन है। पेड़ पौधों को लगाना और इसकी सुरक्षा जिम्मेदारी भी हम सबको लेनी होगी। आज विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों और छायादार पौधे लगाये गये हैं क्यूंकि पर्यावरण में बढ़ रहा प्रदूषण मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी है इसीलिए इस बढ़ रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक मानव का दायित्व है इसीलिए हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में अपना सहयोग देना चाहिए। हमें केवल पौधे लगाने की औपचारिकता नहीं करनी चाहिए बल्कि उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस दौरान विधायक जी को इंदौर प्लांट (रिच ऑक्सीजन प्लांट) देकर सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण के दौरान अमित कुमार वन दरोगा, संजय कुमार वन दरोगा, रोहित यादव वनरक्षक, धर्मेन्द्र प्रजापति, विधायक पुत्र सूरज राठौर, बिट्टू राठौर, भानु राठौर, अमित तोमर, राहुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम की मौजूदगी में आयोजित हुई सुजौली में शांति कमेटी की बैठक

### सावन पर्व ,मुहर्रम और नए कानून को लेकर बैठक का हुआ आयोजन -थाना प्रभारी सुजौली सौरभ सिंह समेत मीडिया कर्मी और धर्मगुरु रहे मौजूद




नवयुग समाचार
बहराइच जिले के सुजौली थाना परिसर में नए कानूनों के बारे में जानकारी और त्योहारों को लेकर एसडीएम संजय कुमार की मौजूदगी में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया शांति कमेटी की बैठक के दौरान एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि आगामी त्योहार सावन महीना , मुहर्रम पर्व को शांति के साथ मनाए मुहर्रम और सावन महीने में निकलने वाले जुलूस और कावंर यात्रा को लेकर ग्राम प्रधानों और धर्मगुरुओं से जानकारी ली गई और आगामी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को कहा गया इस दौरान एसडीएम संजय कुमार ने कहा की आगामी त्योहारों में खलल डालने वाले अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जायेगा इस दौरान थाना प्रभारी सुजौली सौरभ सिंह ने कहा कि आने वाले समय में सावन महीना और मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए मीटिंग के पश्चात एसडीएम मोतीपुर पूरा थाना प्रभारी सौरभ सिंह सुजौली, प्रधान राजेशगुप्ता सुजौली के ईद गाह पुरवा कर्बला के पास भी गए और वहां की रोड की स्थिति जानी इस दौरान एसडीएम मोतीपुर संजय कुमार थाना प्रभारी सुजौली सौरभ सिंह ,वन दरोगा अनिल कुमार ,विद्युत विभाग से जितेंद्र कुमार,अजय कुमार, ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता,बाजपुर बनकटी प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप,राम खेलावन पाल,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कारिकोट केशवराम,राम चंदर,,अवधराम यादव,गुलाम वारिस,अखिलेश,विनोद मिश्रा,क्रांति मिश्रा,मसीउल्ला, मटरू ,आजाद के साथ काफी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे

# हत्या जैसे जघन्य अपराध कारित करने वाले दो वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार व आला कत्ल बरामद




नवयुग समाचार
बहराइच पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियो की गिरफ्तारी व वाँछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के कुशल नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह मय उ0नि0 कृष्ण कुमार सिंह मय फोर्स द्वारा दिनांक 29.06.2024 को हिस्सा बटवारा की बात को लेकर जमुना प्रसाद पुत्र स्व0 कन्हैया लाल दुबे नि0 बघमरवा दा0 दौलतपुर थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को सिर पर डण्डा मारकर हत्या कर दी गयी थी जिसके संबंध में थाना रूपईडीहा पर मु0अ0सं0 312/2024 धारा 302/34 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर नामजद अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु जगह जगह दबिश दी जा रही थी दिनांक 30.06.2024 को समय 21.10 बजे नामजद अभियुक्त 01. अनुप कुमार दुबे पुत्र अम्बर लाल दुबे उम्र 40 वर्ष 02. प्रमोद कुमार दुबे पुत्र रामआधार दुबे उम्र 45 वर्ष निवासीगण शिवरामपुर तेलयानी थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को मुखबिर खास की सूचना पर बघमरवा मोड़ रूपईडीहा के पास चाय की दुकान से बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल यूकेलिप्टस का डण्डा जो शिवरामपुर तेलयानी हाजी अनवर के भट्टे की जमीन के पास लगे कास के घने पौधो के बीच में छिपाकर रखा गया था को बरामद किया गया ।गिरफ्तार शुदा दोनो अभियुक्तगण को थाना लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर आज पेशी हेतु जिला न्यायालय बहराइच रवाना किया गया ।

# नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर किया गया स्वागत

### मंडलायुक्त द्वारा एक दिव्यांग बच्चे का भी प्रवेश दिलाया गया तथा दिव्यांग किट बच्चे को भेंट की गई





कानपुर। ग्रीष्म अवकाश के उपरांत विद्यालय खुलने पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत मंडलायुक्त अमित गुप्ता द्वारा कंपोजिट विद्यालय पुराना कानपुर खंड शास्त्री नगर में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया । मंडलायुक्त द्वारा जीशान भारती पुत्र जितेंद्र भारती का कक्षा 01 में तथा निहारिका भारती पुत्र जितेंद्र भारती का कक्षा 02 में प्रवेश प्रधानाध्यापक के माध्यम से दिलाया गया तथा बच्चों के स्वागत कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए बच्चों को अक्षत रोली का टीका लगाया एवं पुष्प एवं निशुल्क पुस्तके तथा पाठय सामग्री दी गई । मंडलायुक्त द्वारा एक दिव्यांग बच्चे का भी प्रवेश दिलाया गया तथा दिव्यांग किट बच्चे को भेंट की गई , मंडलायुक्त द्वारा प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से एवं शिक्षकों से विभिन्न जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया, मंडलायुक्त द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर संदेश दिया गया कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ वृक्षों की देखरेख करना भी आवश्यक है, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का संदेश देते हुए सभी बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया तथा दिव्यांग बच्चों की पठन-पाठन हेतु विद्यालय के प्रधानाध्यापक शरद को निर्देश प्रदान किए कि आसपास के दिव्यांग बच्चों का एडमिशन किया जाए तथा उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रत्येक दिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जाए, सभी शिक्षकों को निर्देश प्रदान किया गया कि विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था दुरुस्त की जाए बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए अच्छी शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है और शिक्षक उन्हें शिक्षा एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करें, उक्त कार्यक्रम में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक कानपुर मंडल राजेश कुमार वर्मा एवं जिला बेसिक शिक्षा कानपुर नगर अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे ।

# समूहों की महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

झींझक, कानपुर देहात। संदलपुर ब्लॉक की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ब्लाक मिशन मैनेजर पर बदतमीजी करने व पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का प्रयास कर रही है वहीं आए दिन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन संदलपुर ब्लॉक में इसका कोई असर नजर नहीं आ रहा है। संदलपुर ब्लॉक मे भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगा पा रही है। अब स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने विकास मिशन मैनेजर पर भ्रष्टाचार व बदतमीजी करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ से शिकायत की है।
समूह की मिथलेश, रिंकी देवी, रेशमा ,अंकिता,बेबी ,शशि,अनीता, ममता, रीना कटियार, प्रियंका देवी आदि महिलाओं ने बीडीओ संदलपुर को शिकायती की।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया, दरगाह पहुंच लंबी उम्र की दुआ मांगी



नवयुग समाचार संवाददाता
बिल्हौरः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के को जन्मदिन को लेकर विधानसभा बिल्हौर के कार्यकताओं और समर्थक काफी उत्साह दिखा। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एवं सपा नेता हाफि ज हसीन ने सपा सुप्रीमो के जन्मदिन केक काटकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही कस्बे की प्रमुख दरगाह इब्राहिम शाहिद में अपने महबूब नेता की लंबी उम्र के लिए दुआ की गई है एवं वृक्षारोपण अभियान के तहत पीडीए पेड़ लगाकर उनके जन्मदिन को यादगार मनाया गया जिसमें मुख्य रूप जिला अध्यक्ष अभयपूरी यूवजन सभा कानपुर ग्रामीण युवा नेता बबलू खान जिला महासचिव, शीलू खान, अब्दुल्ला खान, अरशद खान नगर अध्यक्ष, शाहिद भाई, आसिफ भाई, सुफियान भाई, अयान अम्मार शाहनवाज फरमान जैद फरहान अरसलन ओवैस नवीन आसिफ रोहित मुबाशिर बाबर दानिश खान, अद्दुव , वकार खान, ललित यादव प्रदेश सचिव आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ




कानपुर देहात।
जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर से हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने लोगों से बीमारियों को लेकर जागरूक रहने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु गमलों/क्यारियों की नियमित सफाई करें, पुराने टायर/कबाड़ में पानी का जमाव न होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी को ढक कर रखें, नालियों की सफाई रखें, हैंडपंप के पास पानी जमने ना दे, कूलर फ्रिज की ट्रे की साप्ताहिक सफाई करें, कचरेदानी को ढक कर रखें। उन्होंने कहा की इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से नालियों के साफ सफाई, एंटी लार्वा फागिंग व अन्य संबंधित गतिविधियां तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराई जाएगी, साथ ही साथ इस अभियान के दौरान आशा, आंगनबाड़ी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी करेंगी।
जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक वही दस्तक अभियान व डायरिया रोको अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य चलेगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई, मरीज का ठीक प्रकार से देखभाल, मरीज को अस्पताल से दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह, उप जिलाधिकारी अकबरपुर अवनीश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर आईएच खान आदि चिकित्सक, आशा, एएनएम उपस्थित रहे।